# आनंदालय

## सामयिक परीक्षा - 2

## कक्षा : दसवीं

विषय : हिंदी 'ब' (085) | अधिकतम अंक : 80

दिनांक: 12-09-2025 | निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए ।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है ।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए ।

**खंड - 'क'**

1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

दीप प्रज्वलन आदि संस्कृतियों का अभिन्न अंग रहा है । धार्मिक अनुष्ठान किसी भी पंथ का अंग रहा है । धार्मिक अनुष्ठान किसी भी पंथ का हो, दीप प्रज्वलन के बिना आज भी संपन्न नहीं माना जाता । दीपावली और गुरुनानक जयंती, हमारे दो प्रमुख दीप पर्व हैं । जगमगाते आवासीय और कार्य परिसर जनमानस के हर्षोल्लास की अभिव्यक्ति देते हैं, उनमें आशा एवं उत्साह का संचार करते हैं । आवासीय, शैक्षिक, औदयोगिक भवन यहाँ तक कि नाभिकीय संयंत्र का शिलान्यास या किसी भी कोटि की संगोष्ठी का उद्घाटन हम अनिवार्यतः दीया जला कर करते हैं । प्रज्वलित दीप से परिवेश की नकारात्मकता निराकृत होती है, वातावरण शुद्ध होता है, दैविक शक्तियों का आगमन आसान होता है । अधिसंख्य व्यक्ति क्लेश, विवाद और भ्रांतियों से इसलिए त्रस्त हैं, चूँकि उन्हें जीवन के परम उद्देश्य और इसकी अधिप्राप्ति के आवश्यक साधनों और विधियों का ज्ञान नहीं है । उद्देश्य की स्पष्टता से सुसंगत सोच और उसी अनुरूप संगत निर्मित करेंगे तो अभीष्ट की प्राप्ति आवश्यक होगी ।

प्रकाश ज्ञान और देवत्व का प्रतीक है । अंधकार कितना भी हो, एक जलते दिये से लुप्त हो जाता है। अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने में दीपक की भूमिका निर्विवाद है । यह दीपक उस सद्बुद्धि और विवेक का है, जो एक ओर व्यक्ति की प्रभु से निकटता स्थापित करता है और दूसरों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है । आवरण धोखा दे सकता है । बाह्य चमक-दमक और लीपापोती की आतुरता में अंतःकरण की उपेक्षा हो सकती है । अत: अपने आंतरिक गुणों की पहचान निखारते रहें, तो जीवन सार्थक हो जाएगा ।

(i) अंधकार को किसके समान बताया गया है ? (1)

(क) मूर्खता (ख) अज्ञान (ग) क्लेश (घ) निराशा

(ii) प्रकाश को देवत्व का प्रतीक क्यों कहा गया है ? (1)

(क) प्रकाश फैलाने से

(ख) सद्बुद्धि के प्रसार से

(ग) अंधकार को दूर करने से

(घ) भगवान की आरती करने से

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए : (1)

कथन : किसी भी संगोष्ठी का उद्घाटन दीया जला कर होता है ।

कारण : दीप प्रज्वलन से वक्ता में आशा और उत्साह का संचार होता है ।

(क) कथन सही है लेकिन कारण गलत है ।

(ख) कथन और कारण दोनों सही है ।

(ग) कथन गलत है और कारण सही है ।

(घ) कथन और कारण दोनों गलत है ।

(iv) जीवन की सार्थकता से आप क्या समझते हैं ? (2)

(v) दीपक की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । (2)

2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सुखी, सफल और उत्तम जीवन जीने के लिए किए गए आचरण और प्रयत्नों का नाम ही धर्म है । देश, काल और सामाजिक मूल्यों की दृष्टि से संसार में भारी विविधता है, अतैव अपने-अपने ढंग से जीवन को पूर्णता की ओर ले जाने वाले विविध धर्मों के बीच भी ऊपर से विविधता दिखाई देती है । आदमी का स्वभाव है कि वह अपने ही विचारों और जीने के तौर-तरीकों को तथा अपनी भाषा और खानपान को सर्वश्रेष्ठ मानता है तथा चाहता है कि लोग उसी का अनुसरण और अनुकरण करें, अतैव दूसरों से अपने धर्म को श्रेष्ठतर समझते हुए वह चाहता है कि सभी लोग उसे अपनाएँ । इसके लिए वह ज़ोर-ज़बरदस्ती को भी बुरा नहीं समझता ।

धर्म के नाम पर होने वाले जातिगत विद्वेष, मारकाट और हिंसा के पीछे मनुष्य की यही स्वार्थ-भावना काम करती है । सोचकर देखिए कि आदमी का यह दृष्टिकोण कितना सीमित, स्वार्थपूर्ण और गलत है । सभी धर्म अपनी-अपनी भौगोलिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आवश्यकताओं के आधार पर पैदा होते, पनपते और बढ़ते हैं, अतैव उनका बाह्य स्वरूप भिन्न-भिन्न होना आवश्यक और स्वाभाविक है, पर सबके भीतर मनुष्य की कल्याण-कामना है, मानव-प्रेम है । यह प्रेम यदि सच्चा है, तो यह बाँधता और सिकोड़ता नहीं, बल्कि हमारे हृदय और दृष्टिकोण का विस्तार करता है, वह हमें दूसरे लोगों के साथ नहीं, समस्त जीवन-जगत के साथ जोड़ता है । स्पष्ट है कि ऊपर से भिन्न दिखाई देने वाले सभी धर्म अपने मूल में मानव-कल्याण की एक ही मूलधारा को लेकर चले और चल रहे हैं । हम सभी इस सच्चाई को जानकर भी जब धार्मिक विद्वेष की आँधी में बहते हैं, तो कितने दुर्भाग्य की बात है । उस समय हमें लगता है कि चिंतन और विकास के इस दौर में आ पहुँचने पर भी मनुष्य को उस जंगली-हिंसक अवस्था में लौटने में कुछ भी समय नहीं लगता; अतएव उसे निरंतर यह याद दिलाना होगा कि धर्म मानव-संबंधों को तोड़ता नहीं, जोड़ता है इसकी सार्थकता प्रेम में ही है।

(i) गद्यांश के आधार पर धर्म की क्या परिभाषा है ? (1)

(क) सुखी, सफल और उत्तम जीवन जीने के लिए किया गया उत्तम आचरण और प्रयत्न ही धर्म है ।

(ख) नीतियों का पालन करना ही धर्म है ।

(ग) नियमित पूजा, अर्चना, उपवास आदि करना ही धर्म है ।

(घ) उक्त सभी कथन सत्य हैं ।

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :- (1)

(i) देश, काल और सामाजिक मूल्यों की दृष्टि से संसार में बहुत समानता है ।

(ii) आदमी अपने विचारों तथा भाषा और खानपान को सर्वश्रेष्ठ मानता है ।

(iii) सच्चा प्रेम बाँधता और सिकोड़ता नहीं है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(क) केवल (i) (ख) केवल (ii) (ग) (i) और (ii) (घ) (ii) और (iii)

(iii) गद्यांश के आधार पर हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है - (1)

(क) ईश्वर में आस्था नहीं रखना ।

(ख) देश का विकास नहीं करना ।

(ग) धर्म के विषय में सब कुछ जानकर भी धार्मिक विद्वेष की आँधी में बहना ।

(घ) धनार्जन नहीं कर पाना ।

(iv) धर्म के नाम पर होने वाले जातिगत विद्वेष और हिंसा के पीछे क्या कारण है ? (2)

(v) हमें धर्म के बारे में कैसा दृष्टिकोण रखना चाहिए ? (2)

**खंड - 'ख'**

3 निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4X1=4)

(i) तलवार की सीध में धरती <u>फटती ही जा रही थी ।</u> रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

(ii) पासा में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था । पंक्ति में प्रयुक्त विशेषण पदबंध को चुनकर लिखिए।

(iii) 'सर्वनाम पदबंध' का प्रयोग करते हुए एक वाक्य बनाइए ।

(iv) मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया । क्रियाविशेषण पदबंध को रेखांकित कीजिए ।

(v) <u>फैलते हुए प्रदूषण</u> ने जीवन के लिए खतरा पैदा कर दिया है । रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।

4 'रचना के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4X1=4)

(i) संसार की रचना कैसे भी हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है । वाक्य का भेद लिखिए ।

(ii) जब कृष्ण मुरली बजाते थे तब गोपियाँ नाचती थीं । संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

(iii) परिश्रमी लोग उन्नति करते हैं । मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

(iv) वह इसलिए दान देता है ताकि उसे प्रसिद्धि मिले । सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए ।

(v) बाइबिल और दूसरे पावन ग्रंथों में नूह नाम के एक पैगंबर का ज़िक्र मिलता है । वाक्य का भेद लिखिए ।

5 निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4X1=4)

(i) 'समाचारवाचन' का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

(ii) 'तीन लोकों का समाहार' का समस्तपद बनाकर समास का भेद लिखिए ।

(iii) कर्मधारय समास के किसी एक उदाहरण का वाक्य प्रयोग कीजिए ।

(iv) 'दशमुख' सामासिक पद में प्रयुक्त पूर्व पद और उत्तर पद अलग कर समास का नाम लिखिए ।

(v) 'अनाथ' का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

6. निर्देशानुसार 'मुहावरों' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4X1=4)

(i) 'लोहा मानना' और 'लोहा लेना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'बाट जोहना' मुहावरे का अर्थ लिखिए ।

(iii) पुलिस के लाठीचार्ज करते ही भीड़ _____ हो गई । उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

(iv) बाढ़ आने के कारण कई गाँवों के लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए । पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(v) 'दबे पाँव आना' मुहावरे को वाक्य में इस तरह प्रयोग करें कि अर्थ स्पष्ट हो जाए ।

**खंड - 'ग'**

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : (5X1=5)

बड़े बाजार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सजाए गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई हो । कलकत्ते के प्रत्येक भाग में ही झण्डे

लगाए गए थे । जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी । लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई । पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी । मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट प्रत्येक मोड़ पर तैनात थे । कितनी ही लारियाँ शहर में घुमाई जा रही थीं । घुड़सवारों का प्रबन्ध था । कहीं भी ट्रैफ़िक पुलिस नहीं थी, सारी पुलिस को इसी काम में लगाया गया था । बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही घेर लिया था ।

(i) "बड़े बाज़ार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सजाए गए थे कि ऐसा मालूम होता, मानो स्वतंत्रता मिल गई हो ।"
लेखक के शब्दों में - बड़े बाज़ार और मकानों की सुंदरता देखते ही क्यों बन रही थी ?
(क) राष्ट्रीय दिवस का आयोजन था (ख) 26 जनवरी 1931 को दीवाली थी
(ग) मानो स्वतंत्रता मिल गई हो (घ) जुलूस के लिए सभी जगहों को सजाया गया था

(ii) ऐसे माहौल को देखकर लोगों में क्या प्रतिक्रिया हुई ?
(क) लोगों का उत्साह समाप्त हो गया । (ख) लोग उत्साह और जोश से भर गए ।
(ग) वे अंग्रेजों के साथ उत्सव मनाने लगे । (घ) लोगों ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की ।

(iii) पुलिस अपनी पूरी ताकत से प्रदर्शन क्यों कर रही थी ?
(क) ताकि आंदोलन शांति से हो सके । (ख) ताकि जनता को कोई परेशानी न हो ।
(ग) ताकि प्रदर्शन को रोका जा सके । (घ) ताकि जनता में खौफ़ पैदा किया जा सके ।

(iv) सड़कों पर ट्रैफ़िक पुलिस क्यों नहीं दिखाई दे रही थी ?
(क) क्योंकि उस दिन राष्ट्रीय अवकाश था । (ख) सारी पुलिस प्रदर्शन रोकने में लगी हुई थी ।
(ग) क्योंकि उस दिन हड़ताल थी । (घ) उस दिन जनता और सरकार की सभा होनी थी।

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -
कथन (A) उस दिन कलकत्ते की सड़कों पर ट्रैफ़िक पुलिस नहीं दिखाई दे रही थी ।
कारण (R) कलकत्ता के लोग उस दिन पूरे जोश और उत्साह से भरकर प्रदर्शन करने वाले थे । उस प्रदर्शन को रोकने के लिए ट्रैफ़िक पुलिस के काम में लगा दिया गया था ।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।
(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है ।

8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(i) 'मेरे देखते तुम बेराह न चलने पाओगे'- पंक्ति से बड़े भाई के कर्तव्य और अधिकार का पता कैसे चलता है ?

(ii) "एक संगठित समाज कृतसंकल्प हो तो ऐसा कुछ भी नहीं जो वह न कर सके ।" 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के संबंध में कहे गए उक्त कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए ।

(iii) 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर बताएँ कि समाज कैसे बलिदान को न केवल याद रखता है, बल्कि उस बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देता ?

(iv) 'तीसरी कसम के शिल्पकार' शैलेन्द्र का दृढ़ मन्तव्य था कि दर्शकों की रुचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर नहीं थोपना चाहिए । कलाकार का यह कर्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रुचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करे । क्या आप इससे सहमत हैं ? अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

9 निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : (5X1=5)

उड़ गया, अचानक लो, भूधर
फड़का अपार पारद के पर !
रव-शेष रह गए हैं निर्झर !
है टूट पड़ा भू पर अंबर !

धँस गए धरा में सभय शाल !
उठ रहा धुआँ, जल गया ताल !
यों जलद-यान में विचर-विचर !
था इंद्र खेलता इंद्रजाल !

(i) 'भूधर के उड़ जाने का आशय:

(क) उसके पंछी समान उड़ने से है
(ख) उसके अदृश्य हो जाने से है
(ग) उसके बादलों के साथ चले जाने से है
(घ) उसके बादलों के पंख लगाने से है

(ii) है टूट पड़ा भू पर अंबर' – पंक्ति में क्या कल्पना की गई है ?

(क) अंबर ने धरती पर बाणों की वर्षा शुरू कर दी
(ख) अंबर ने धरती पर मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी
(ग) अंबर ने बादलों रूपी सेना द्वारा भूमि पर आक्रमण कर दिया
(घ) अंबर बादलों की गड़गड़ाहट के साथ धरती पर गिर पड़ा

(iii) शाल के वृक्षों के भयभीत होने का कारण इनमें से क्या नहीं है ?

(क) आसमान से मूसलाधार वर्षा
(ख) तालाबों का जलना
(ग) चारों तरफ उठता धुआँ
(घ) बादलों की गड़गड़ाहट

iv) कवि ने पर्वत के पंखों को कैसा बताया है ?

(क) पारद के समान सफेद एवं चमकीला
(ख) बादल के समान काला
(ग) बादल के समान सफेद
(घ) पर्वत के समान विशाल

(v) उपर्युक्त काव्यांश से संबंधित कौन-सा कथन असत्य है ?

(क) पर्वत बादलों के पंख लगाकर कहीं अदृश्य हो गया ।
(ख) केवल झरने के स्वर शेष रह गए है ।
(ग) तालाब में आग लग गई है और इंद्रदेव बादलों में घूम-घूमकर अपना खेल खेल रहे है ।
(घ) चारों तरफ चमकती धूप बिखरी हुई है ।

10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(i) कबीर के अनुसार मैं और हरि में क्या विरोध है ?

(ii) मीरा श्रीकृष्ण की चाकरी क्यों करना चाहती है ? उनका लक्ष्य सांसारिक सुखों की प्राप्ति क्यों नहीं है ? मीरा के पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(iii) कवि मैथिलीशरण गुप्त ने कहा- “अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे ।” इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए वर्तमान समय में इसका औचित्य स्थापित कीजिए ।

(iv) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (2x3=6)

(i) हरिहर काका के परिवार वालों का बदलता व्यवहार आपको क्या सोचने के लिए मजबूर करता है ? कहानी के आधार पर बताइए ।

(ii) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चों का खेलकूद में अधिक रुचि लेना अभिभावकों को अप्रिय क्यों लगता था ? पढ़ाई के साथ खेलों का छात्र जीवन में क्या महत्त्व है और इससे किन जीवन मूल्यों की प्रेरणा मिलती है ?

(iii) बचपन की यादें मन को गुदगुदाने वाली होती हैं । आप भी अब तक के अपने स्कूली जीवन की घटनाओं में से ऐसी घटना का उल्लेख कीजिए, जो आपके जीवन को नैतिक मूल्यों के प्रति मोड़ने में प्रेरक सिद्ध हुई है ।

**खंड - 'घ'**

12 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5)

(क) आज की बचत कल का सुख
- बचत का अर्थ एवं स्वरूप
- दुखदायक स्थितियों में बचत का महत्त्व
- वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित करना
- सुझाव / निष्कर्ष

(ख) स्वास्थ्य और मोटा अनाज
- स्वास्थ्य का महत्त्व
- मोटा अनाज क्या है ?
- स्वस्थ रखने में भूमिका
- उपसंहार

(ग) देश पर पड़ता विदेशी प्रभाव
- हमारा देश और संस्कृति
- विदेशी प्रभाव
- परिणाम और सुझाव
- निष्कर्ष

13 (क) आपके क्षेत्र में बुजुर्गों के साथ होने वाली अनदेखी का उल्लेख करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । (5)

**अथवा**

(ख) अपने क्षेत्र के ब्लॉक प्रमुख द्वारा की जा रही खाद की कालाबाज़ारी की शिकायत करते हुए जिलाधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए ।

14 (क) आपके विद्यालय में छः दिन के लिए विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय छात्र प्रतिनिधि की ओर से लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए । (4)

**अथवा**

(ख) आप दसवीं कक्षा के विद्यार्थी आरव/आरती शुक्ला हैं । आपकी गणित विषय की पुस्तक तथा नोटबुक विद्यालय के बहुउद्देशीय भवन में खो गई है । इसके लिए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए ।

15 (क) 'रक्तदान शिविर' के प्रचार हेतु एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए । (3)

**अथवा**

(ख) सोलर पंखे बनाने वाली कंपनी 'सूर्य शक्ति' के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

16 (क) 'जैसा करोगे वैसा भरोगे' विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए । (5)

**अथवा**

(ख) आधुनिक संचार लिमिटेड को अपने क्षेत्र के खराब नेटवर्क की शिकायत करते हुए इसकी गुणवत्ता सुधारवाने हेतु लगभग 100 शब्दों में ईमेल लिखिए ।